भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1000
दिनांक 03 दिसम्बर, 2021 को उत्तर के लिए

उत्तर प्रदेश में आई.सी.डी.एस सेवाएं

1000. श्री अशोक कुमार रावत :
श्री अरुण कुमार सागर :

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर और मिश्रिख संसदीय क्षेत्रों में एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आई.सी.डी.एस.) के तहत काम किया जा रहा है ;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और
(ग) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान इसके लाभार्थियों की संख्या के साथ-साथ उक्त अवधि के दौरान आबंटित और उपयोग की गई केन्द्रीय निधि का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) और (ख) : आंगनवाड़ी सेवा स्कीम के तहत, लक्षित लाभार्थियों यानी 6 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पूरक पोषण; स्कूल-पूर्व अनौपचारिक शिक्षा; पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा; टीकाकरण; स्वास्थ्य जांच; और रैफरल सेवाओं सहित छह सेवाओं का पैकेज प्रदान किया जाता है। छह में से तीन सेवाएं जैसे टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और रैफरल सेवाएं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसरंचना के माध्यम से प्रदान की जाती हैं।

आंगनवाड़ी सेवाएं सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा देशभर में 13.89 लाख कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों के नैटवर्क के माध्यम से कार्यान्वित की जाने वाली एक केंद्रीय प्रायोजित स्वयं चयन स्कीम है, जिनमें से 30.06.2021 तक 1,89,309 आंगनवाड़ी केंद्र वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कार्यशील हैं, जो 1,49,18,107 लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। शाहजहांपुर और मिश्रिख संसदीय क्षेत्रों सहित उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में आंगनवाड़ी स्कीम के तहत सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

(ग) : आंगनवाड़ी सेवाओं के तहत केंद्रीय अंश और उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा उपयोग की गई राशि का विवरण निम्न प्रकार है :

2018-19		2019-20		2020-21	
निर्मुक्त राशि	प्रयुक्त राशि	निर्मुक्त राशि	प्रयुक्त राशि	निर्मुक्त राशि	प्रयुक्त राशि
202972.91	223244.06	236406.00	245280.88	198558.94	172436.98

****